सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय सहायक कलेक्टर ब्यावर जिला–अजमेर
विविध प्रार्थना पत्र संख्या 10/2018

राजस्व लोक अदालत अभियान, न्याय आपके द्वार 2018 कैम्प – जवाजा

1. श्री लाखासिंह पुत्र श्री सींगा जी उम्र 60 साल
2. श्री बाबूसिंह पुत्र श्री संगा जी उम्र 54 साल
दोनों जाति रावत निवासियान ग्राम शिवनगर तहसील ब्यावर जिला अजमेर
3. श्रीमती मीरा वयस्क पुत्री श्री सींगा जी पत्नि श्री मालसिंह जाति रावत नि. ग्राम डांसरिया
4. श्रीमती सीता वयस्क पुत्री श्री सींगा पत्नि श्री प्रभुसिंह जाति रावत निवासी ग्राम नून्द्री मालदेव तहसील ब्यावर
5. श्री देवेन्द्र पुत्र श्री भगवानसिंह
6. श्री इन्द्रजीत पुत्र श्री भगवानसिंह
7. अनिता पुत्री श्री भगवानसिंह
प्रार्थी नम्बर 5 से 7 नाबालिग जरिये कुदरती वलिया माता श्रीमती आशा पत्नि श्री भगवानसिंह
8. श्रीमती आशा वयस्क पत्नि स्व. श्री भगवानसिंह
9. श्रीमती सीमा वयस्क पुत्री भगवानसिंह पत्नि मोहिन्द्रसिंह जाति रावत नि. ग्राम ढगलपुरा
10. श्रीमती किरण वरूक पुत्री भगवानसिंह पत्नि राजूसिंह जाति रावत निवाासी ग्राम दो कुडी
11. श्रीमती हेमलता वयस्क पुत्री श्री भगवानसिंह पत्नि श्री मुकेश सिंह जाति रावत निवासी ग्राम सेदरिया, बिजयनगर रोड़ ब्यावर जिला अजमेर
12. श्रीमती लीला वयस्क पुत्री श्री भगवानसिंह पत्नि श्री विक्रम सिंह जाति रावत निवासी ग्राम नून्द्री मालदेव तहसील ब्यावर
13. श्रीमती दाखू वयस्क पुत्री श्री जस्सा पत्नि श्री मिठुसिंह जाति रावत निवासी ग्राम बरार तहसील भीम जिला राजसमंद
14. श्रीमती कमला वयस्क पुत्री जस्सा पत्नि करमसिंह जाति रावत निवासी ग्राम चिलियाबड़
15. श्रीमती शांता वयस्क पुत्री जस्सा पत्नि भगवानसिंह जाति रावत निवासी ग्राम बरार तह. भीम जिला राजसमंद
16. श्रीमती केली वयस्क पुत्री श्री जस्सा पत्नि श्री लक्ष्मणसिंह जाति रावत निवासी ग्राम कोटड़ा तहसील ब्यावर
17. श्री जीवनसिंह वयस्क पुत्र श्री प्रतापसिंह
18. श्री नारायणसिंह वयस्क पुत्र श्री प्रतापसिंह
19. श्री प्रेमसिंह वयस्क पुत्र श्री प्रतापसिंह
20. श्री दिलीपसिंह वयस्क पुत्र श्री प्रतापसिंह
21. श्रीमती पुष्पा पुत्री श्री प्रतापसिंह पत्नि श्री प्रवीणसिंह जाति रावत नि. ग्राम तीन नाली
22. श्रीमती मीरा पत्नि स्व. श्री प्रतापसिंह जाति रावत निवाी ग्राम शिवनगर तहसील ब्यावर

——— प्रार्थीगण

ब ना म

1. श्री मोटसिंह वयस्क पुत्र श्री देवीसिंह
2. श्री पीथासिंह वयस्क पुत्र श्री हुकमसिंह
3. श्री रतनसिंह वयस्क पुत्र श्री रामसिंह
4. श्री लक्ष्मणसिंह वयस्क पुत्र श्री देवीसिंह
5. श्री गाजीसिंह वयस्क पुत्र श्री देवीसिंह
6. श्री रणजीतसिंह वयस्क पुत्र श्री जस्सासिंह
समस्त जाति रावत निवासियान ग्राम शिवनगर (जवाजा) तहसील ब्यावर जिला अजमेर राज.
7. राजस्थान सरकार बजरिये लैण्ड होल्डर तहसीलदार महोदय ब्यावर (राज.)

———अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम

............ बनाम तार

सहायक कलक्टर
(मु.) ब्यावर

श्री लाखासिंह व अन्य बनाम श्री मोटसिंह व अन्य
विविध प्रार्थना पत्र संख्या 10/2018
राजस्व लोक अदालत अभियान, न्याय आपके द्वार 2018 कैम्प जवाजा

**आदेश** दिनांकः– 08.06.2018

प्रकरण आज राजस्व लोक अदालत अभियानः न्याय आपके द्वार 2018 कैम्प कोर्ट जवाजा में पेश हुआ। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र में सारांशतः कथन किए हैं कि ग्राम शिवनगर पटवार क्षेत्र जवाजा के खसरा संख्या 1978 रकबा 02–02–00, 1980 रकबा 00–10–00, 1981 रकबा 00–10–00, 2016 रकबा 01–10–00, 2019 रकबा 00–16–00, 2022 रकबा 00–06–00 स्थित है जो प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी नम्बर 1 लगायत 6 की संयुक्त खातेदारी की आराजी चली आ रही है तथा प्रार्थीगण मौके पर भी अपने हक हिस्से की भूमि पर काबिज काश्त चले आ रहे हैं। प्रार्थीगण के हक हिस्से की भूमि के पास अप्रार्थी नम्बर 1 लगायत 6 के हक हिस्से की भूमि स्थित चली आ रही है तथा अप्रार्थी नम्बर 1 लगायत 6 आये दिन भूमि का कम ज्यादा हिस्सा होना कहकर मौके पर विवाद करते रहते हैं तथा प्रार्थीगण की भूमि को हड़पना चाहते हैं। इस कारण आये दिन प्रार्थीगण के हक हिस्से की भूमि की डोली पाली को नुकसान पहुंचा देते हैं। प्रार्थीगण ने अप्रार्थी नम्बर 1 लगायत 6 तथा अप्रार्थी संख्या 7 से दिनांक 19.05.2017 को पत्थरगढ़ी करने का निवेदन किया जिस पर अप्रार्थी संख्या 1 से 6 इंकार हो गए तथा अप्रार्थी संख्या 7 ने सक्षम न्यायालय से आदेश लाने हेतु निर्देश दिए। इस कारण इस प्रार्थना पत्र की आवश्यकता उत्पन्न हुई है। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण के हक हिस्से में आई भूमि पैरा नम्बर 1 का मौके पर पत्थरगढ़ी करवाये जाने के आदा प्रदान करावें।

प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जरिए नोटिस तलब किया गया।

आज शिविर में प्रार्थी संख्या 1 तथा अप्रार्थी संख्या 1, 2, 4 से 6 स्वयं उपस्थित। पेरोकार सरकार तहसीलदार ब्यावर उपस्थित। उपस्थित पक्षकारान ने मज़में आम में कथन किए कि उक्त वादग्रस्त खसरा नम्बरान की पत्थरगढ़ी की जाती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। तहसीलदार ब्यावर ने आदेशिका में अंकन किया कि पत्थरगढ़ी के आदेश जारी किये जाते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया कि प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात में ग्राम शिवनगर पटवार हल्का जवाजा की जमाबन्दी संवत् 2070–73 के खाता संख्या 145 व 132 में अन्य खसरान् के साथ वादग्रस्त खसरा संख्या 1978 रकबा 02–02–00, 1980 रकबा 00–10–00, 1981 रकबा 00–10–00, 2016 रकंबा 01–10–00, 2019 रकबा 00–16–00, 2022 रकबा 00–06–00 प्रार्थीगण व अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 6 के नाम संयुक्त खातेदारी में दर्ज है। चूंकि सभी उपस्थित पक्षकारान ने पत्थरगढ़ी करवाये जाने हेतु सहमति प्रदान की है एवं तहसीलदार ब्यावर ने भी अनापत्ति अंकित की है। ऐसी स्थिति में प्रार्थीगण पत्थरगढ़ी करवाये जाने के अधिकारी पाए जाते हैं।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार ब्यावर को निर्देशित किया जाता है कि पत्थरगढ़ी हेतु नियमानुसार शुल्क प्राप्त कर प्रार्थीगण एवं विवादित खसरान् के पड़ौसी खातेदारान को सूचित कर एवं संबंधित हल्का पटवारी के साथ अन्य दो पास के हल्के के पटवारियान/भू अभिलेख निरीक्षक की टीम गठित कर ग्राम शिवनगर पटवार हल्का जवाजा के खसरा संख्या 1978 रकबा 02–02–00, 1980 रकबा 00–10–00, 1981 रकबा 00–10–00, 2016 रकबा 01–10–00, 2019 रकबा 00–16–00, 2022 रकबा 00–06–00 का नियमानुसार सीमांकन कर मौके पर पत्थरगढ़ी करावें। पालना रिपोर्ट 10 दिवस में प्रस्तुत करें।

आदेश आज दिनांक 08–06–2018 को मज़में आम में कैम्प कोर्ट ग्राम पंचायत जवाजा में खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सहायक कलक्टर
(दीपांशु सांगवान)
आर0ए0एस0 (प्र.)
सहायक कलक्टर, ब्यावर

सहा. कलक्टर, ब्यावर